Saathi

Date ___/___/___

शैक्षिक तकनीकी अर्थ एवं परिभाषा :

शैक्षिक तकनीकी का अर्थ :

शिक्षण - अधिगम की सहज प्रक्रिया को सहज, सरल, सक्षम तथा प्रभावशाली बनाने के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी, मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तो तथा विधियों का उचित प्रयोग शिक्षा तकनीकी कहलाता हैं। जैसे-जैसे नवीनतम खोजे तथा अन्वेषण सामने आते है, शैक्षिक तकनीकी के अर्थ, परिभाषा तथा स्वरूप में परिवर्तन आ जाता है। आज विज्ञान के युग में वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक अविष्कारो ने मानव- जीवन के हर पक्ष को प्रभावित किया हैं। इनसे शिक्षा, शिक्षण तथा अधिगम भी बहुत प्रभावित हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी नवीन अनुसन्धानों, खोजो, एवं अन्वेषण के फलस्वरूप ऐसी- ऐसी तकनीको अर्थात कौशलों का विकास किया गया है जिनसे शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने में पर्याप्त सहायता मिल रही हैं। इन दक्षताओं और कौशलों को, जो कि विशेषतया विज्ञान पर आधारित हैं, शैक्षिक तकनीकी का नाम दिया गया हैं।

Page No.

शैक्षिक तकनीकी की परिभाषाएं :-

विद्वानों ने शैक्षिक तकनीकी के विभिन्न अर्थ लेकर अपने ढंग से इसे परिभाषित किया है, जिसके परिणामस्वरूप शैक्षिक तकनीकी का अर्थ तथा क्षेत्र जटिल भी बन गया है।

(i) श्री० जी० ओ० एम० लीव के अनुसार:- "शिक्षण तथा प्रशिक्षण को सुधारने और उसकी प्रभावकारिता एवम् दक्षता को बढ़ाने के लिए अधिगम तथा अधिगम की परिस्थितियों से सम्बन्धित वैज्ञानिक ज्ञान के प्रयोग को शैक्षिक तकनीकी कहते हैं"।

(ii) डॉ० एस० एस० कुलकर्णी के अनुसार:- "शैक्षिक तकनीकी उन सभी प्रणालियों, विधियों एवं माध्यमों का विज्ञान है, जिसके द्वारा शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके"।

(iii) रिचमण्ड के अनुसार:- "शैक्षिक तकनीकी शिक्षण एवं प्रशिक्षण के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए समुचित रूप से अभिकल्पित अधिगम की उन परिस्थितियों को प्रदान करने से सम्बन्धित है जो अनुदेशन के सर्वोत्तम साधन को जन्म देते हैं"।

Page No.

Saathi

Date __/__/__

(4) डेसिको के अनुसार :- "शैक्षिक तकनीकी व्यवहारिक शिक्षण की समस्याओं में अधिगम मनोविज्ञान के विस्तृत प्रयोग का एक रूप है।"

(5) क्लिअरी के अनुसार :- "शैक्षिक तकनीकी अनुदेशनात्मक सिद्धान्तो के प्रयोग में आने वाली समस्त विधि, प्रणाली एवं तकनीकी समूह से सम्बन्धित है।"

(6) प्रो० शिवकुमार मित्रा के अनुसार :- "शैक्षिक तकनीकी को तकनीकों तथा विषयों के ऐसे विज्ञान के रूप में लिया जा सकता है जिसके द्वारा शिक्षण - उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके।

(7) रार्बट ए० कावस के अनुसार "मानव की अधिगम स्थितियों में वैज्ञानिक प्रक्रिया का प्रयोग ही शैक्षिक तकनीकी है"।

(8) ई० ई० हेडान के अनुसार :- "शैक्षिक तकनीकी शैक्षिक सिद्धान्त तथा व्यवहार की उस शाखा को कहते है, जिसका सम्बन्ध मुख्यत: उन प्रारूपों तथा सन्देशों के प्रयोग से होता है जो अधिगम प्रक्रिया को नियन्त्रित करती है।"

Page No.